

सूर्य एक तारा है।



सूरज हमारे सौर्यमंडल के केंद्र में स्थित है।



सौर्यमंडल के सभी अवयव रवि के चारों ओर घूमते हैं।



भास्कर, सौर्यमंडल का सबसे बड़ा पिंड है।



दिवाकर, ऊर्जा का शक्तिशाली भंडार है।



प्रभाकर को उसकी ऊर्जा उसके अंदर की गैसों से मिलती है। यह गैस हैं – हाइड्रजन और हीलीअम ।



भानु की पूर्ण ऊर्जा का कुछ भाग हमारी पृथ्वी पर भी पहुँचता है।



दिनकर से हमें ऊर्जा और गर्मी मिलती है। यही पृथ्वी पर जीवन का आधार है।



दिनेश के दान के बिना पृथ्वी पर जीवन असंभव है।



मार्तंड के दवारा दी जा रही ऊर्जा से ही पृथ्वी पर मौसम, बारिश आदि होते हैं।



कमलबंधु के कृपा से ही हमारे शरीर को विटामिन डी मिलता है।



दिननायक की ऊर्जा से पृथ्वी पर बिजली भी उत्पन्न की जाती है।

क्या आपका नाम भी सूर्य के नाम पर आधारित है ?

यहाँ पर आपने सूर्य के जितने भी नए नाम सीखें उन्हें फिर से लिखें -

LIVEWORKSHEETS